Witness No. 01 For अभियोजन साक्ष्य Deposition taken

the 11/01/2023 day of बुधवार Witness's apparent age 32 साल

States on affirmation .............. my name is चरणदास जांगड़े

Son of विष्णु जांगड़े occupation मजदूरी

address पटपर भाटापारा, जिला–बलौदाबाजार–भाटापारा (छ.ग.)

---

(**Time** 14:08**PM**)

01. साक्षी को गिरफ्तारी पत्रक में चस्पित आरोपी का फोटो दिखाये जाने पर साक्षी ने आरोपी को नही जानना पहचानना बताया है। पुलिस वालों ने मेरे समक्ष किसी प्रकार की कोई कार्यवाही नही की थी मुझसे मात्र दस्तावेजों पर हस्ताक्षर करवाया था। पुलिस वालों ने मुझे गवाह बनने के लिये नोटिस नही दिये थे किन्तु **नोटिस प्रदर्श पी–01** के अ से अ भाग पर मेरे हस्ताक्षर है। पुलिस वालों ने मेरे समक्ष आरोपी से कोई वस्तु बरामद नही किया था किन्तु **बरामदगी पंचनामा प्रदर्श पी–02** के अ से अ भाग पर मेरे हस्ताक्षर है। पुलिस वालों ने मेरे समक्ष किसी वस्तु की गिनती नही किये थे किन्तु **गिनती पंचनामा प्रदर्श पी–03** के अ से अ भाग पर मेरे हस्ताक्षर है। पुलिस वालों ने मेरे समक्ष आरोपी से किसी वस्तु की जप्ती नही किये थे किन्तु **जप्ती पत्रक प्रदर्श पी–04** के अ से अ भाग पर मेरे हस्ताक्षर है। पुलिस वालों ने मेरे समक्ष आरोपी को गिरफ्तार नही किया था किन्तु **गिरफ्तारी पत्रक प्रदर्श पी–05** के अ से अ भाग पर मेरे हस्ताक्षर है।

**प्रतिपरीक्षण श्री रूपेन्द्र साहू अधिवक्ता वास्ते आरोपी**

02. यह कहना सही है कि मैं जिन कागजों में हस्ताक्षर करना बता रहा हूँ उन दस्तावेजों को पुलिस वाले मुझे पढ़कर नही सुनाये थे। यह कहना सही है कि मैंने उक्त दस्तावेजों पर पुलिस वालों के कहने पर हस्ताक्षर किया है।

(14:16**PM**)

**साक्षी को बयान पढ़कर सुनाया गया,** **मेरे निर्देशन में टंकित।**

**सही होना स्वीकार किया।**

सही/–
(श्रीमती स्वर्णलता ओम यादव)
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी
भाटापारा (छ.ग.)

सही/–
(श्रीमती स्वर्णलता ओम यादव)
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी
भाटापारा (छ.ग.)